राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

बापू की पुण्यतिथि पर राज्यपाल श्री मिश्र ने दी उन्हें श्रद्धांजलि

जयपुर, 30 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राजभवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा कि गांधीजी का संपूर्ण जीवन त्याग, तपस्या का अप्रतिम उदाहरण है। उन्होंने बापू की पुण्यतिथि पर उनके आदर्श पथ पर चलने का आह्वान किया है।

इससे पहले राजभवन प्रांगण में राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार ने बापू को नमन किया। इसके उपरांत उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी दो मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

———